भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 716

दिनांक 07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एनआरएचएम के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाएं

716. डॉ. निशिकान्त दुबे:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कार्यशील आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार संख्या क्या है;

(ख) क्या सरकार राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के माध्यम से देश भर के ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में असफल रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी कारणों सहित क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश के ग्रामीण/सुदूर क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/ उठाए जाने वाले कदमों का झारखंड राज्य सहित राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) भारत में (31.01.2025 तक) कुल 1,76,325 आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) [जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) नाम दिया गया है] स्थापित और संचालित किए जा चुके हैं। 31.01.2025 तक संचालित एएएम की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या अनुलग्नक में संलग्न है।

(ख) से (घ) विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) की शुरुआत 2005 में की गई थी, ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों तक पहुँच रखने वाले सभी लोगों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के प्रयासों को पूरक बनाया जा सके । एनआरएचएम व्यापक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक उप-मिशन है, जबकि राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) एक अन्य उप-मिशन है। एनएचएम के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं:

(i) शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाना

(ii) स्थानीय स्तर पर स्थानिक रोगों सहित संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण करना

(iii) एकीकृत व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच बनाना

(iv) जनसंख्या स्थिरीकरण, लैंगिक समानता एवं जनसांख्यिकीय संतुलन

(v) स्थानीय स्वास्थ्य परंपराओं को पुनर्जीवित करना एवं आयुष को मुख्यधारा में लाना ।

(vi) खाद्य एवं पोषण, स्वच्छता एवं सफाई के लिए सार्वजनिक सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच तथा महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं सार्वभौमिक टीकाकरण से संबंधित सेवाओं पर जोर देते हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच।

(vii) स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना।

एनएचएच के तहत हासिल किए गए लक्ष्यों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

लक्ष्य (2021-26 के लिए एनएचएम विस्तार के अनुसार)	**स्थिति**
एमएमआर को घटाकर 87 प्रति 1 लाख करना	97 प्रति 1 लाख जीवित जन्म (एसआरएस 2018-20)
आईएमआर को घटाकर 22 प्रति हजार करना	28 प्रति हजार (एसआरएस 2020)
राष्ट्रीय स्तर पर टीएफआर को 2.0 तक बनाए रखना	2.0 (एनएफएचएस 5)
1.5 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर (पूर्व में एबी-एचडब्ल्यूसी) का संचालन करने का लक्ष्य प्राप्त करना	1,76,325 (31.1.2025 तक)

आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) के अलावा, सरकार ने पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम), प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) नामक मिशन मोड परियोजनाएं शुरू की हैं।

झारखंड राज्य सहित देश भर में भारत सरकार द्वारा एनएचएम के अंतर्गत की गई विभिन्न पहलों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का संचालन, राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवाएं, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आशा, 24 x 7 सेवाएं और प्रथम रेफरल सुविधाएं, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, मुफ्त डायग्नोस्टिक्स सेवा पहल और मुफ्त दवा सेवा पहल, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य के अंतर्गत विभिन्न कार्यकलाप, एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) रणनीति, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएमटीबीएमबीए) और सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम शामिल हैं।

*****

अनुलग्नक

<u>देश में प्रचालनरत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (ए ए एम) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या</u>

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	प्रचालनरत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कुल संख्या (31.1.2025 की स्थिति के अनुसार)
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	129
2	आंध्र प्रदेश	11,862
3	अरुणाचल प्रदेश	487
4	असम	4,952
5	बिहार	10,329
6	चंडीगढ़	58
7	छत्तीसगढ	5,853
8	डीएनएच और डीडी	95
9	गोवा	302
10	गुजरात	10,637
11	हरियाणा	3,252
12	हिमाचल प्रदेश	2,485
13	जम्मू एवं कश्मीर	3,111
14	झारखंड	4,071
15	कर्नाटक	10,073
16	केरल	7,032
17	लद्दाख	321
18	लक्षद्वीप	13
19	मध्य प्रदेश	12,288
20	महाराष्ट्र	12,141
21	मणिपुर	418
22	मेघालय	613
23	मिजोरम	408
24	नागालैंड	470
25	ओडिशा	7,349
26	पुदुचेरी	127
27	पंजाब	3,126
28	राजस्थान	11,322
29	सिक्किम	184
30	तमिलनाडु	8,246
31	तेलंगाना	5,039
32	त्रिपुरा	1,132
33	उत्तर प्रदेश	22,745
34	उत्तराखंड	2,245
35	पश्चिम बंगाल	13,410
योग		**1,76,325**

*****